# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग–1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

वृहस्पतिवार, तिथि 1 अप्रील 1982 ई०

विषय-सूची ।


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या | 1–21 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्ता (423) प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द) 424, 425, 970 (पूरक के लिए स्थगित) 973, 974, 975 977, 979 980, 981 | |
| अतारांकित प्रश्नों की संख्या–983, 984, 985, 1003, 1049 एवं 1071) | 21–27 |
| परिशिष्ट–(प्रश्नों के लिखित उत्तर)— | 28–56 |
| दैनिक निबंध । | 57–58 |


टिप्पणी—कीन्हीं माननीय मंत्रियों एवं सदस्यों से उनके भाषण संशोधन प्राप्त नहीं हुए हैं ।

को सजा दी गया है। 10 व्यक्ति फरार हैं तथा 3 व्यक्तियों को मामला परामर्शी बोर्ड के समक्ष सुनवाई के लिए हैं।

---

## नये राशन कार्ड एवं लिस्ट बनाने की व्यवस्था

1023. श्री अब्दुल सलाम--क्या मंत्री, आपूर्ति एवं वाणिज्य, खाद्य यह बतलाने कीकृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के प्रखंडों में 1971 की जनगणना के आधार पर ही खाद्य की आपूर्ति की जा रही है, किन्तु उसके बाद जन संख्या अधिक बढ़ गई है जिसके कारण आम जनता को उचित मात्रा में खाद्य की आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार नये जनगणना के अनुसार प्रखंडों को खाद्य आपूर्ति करने एव ग्राम पंचायतों में नया राशनकार्ड एवं लिस्ट बनाने का विचार रखती है। यदि हां, तो कबतक, यदि नहीं तो क्यों?

श्री लहटन चौधरी--(1) यह सही है कि 1971 की जनगणना के आधार प्रखंडों में खाद्य की आपूर्ति की जा रही है। चूंकि 1981 की जनगणना का कार्य अभी तक सम्पन्न नहीं हो पाया है तथा उसका सर्वेक्षण अभी भी चल रहा है, खाद्यान्न का प्राप्त आवंटन के आधार पर आबादी को मद्देनजर रखते हुए सामानरुप से वितरण की व्यवस्था की जाती है क्योंकि आवश्यक वस्तुएं अपर्याप्त मात्रा में प्राप्त हो रही हैं।

(2) 1981 की नयी जनगणना का अन्तिम रिपोर्ट प्राप्त होने पर नया राशनकार्ड एवं लिस्ट बनाने की कार्रवाई की जायेगी। सम्प्रति नये राशनकार्डो की छपाई का कार्य राज्य खाद्य निगम को सौपा गया हैं।

---

## योजना की स्वीकृति

1031. श्री अकलू राम महतो--क्या मंत्री, लघु सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि धनबाद जिलान्तर्गत चास प्रखण्ड के धाटियाली पंचायत के जाल बस्ती के निकट ईजरी नदी से लिफ्ट सिंचाई हेतु सत्तर लाख की योजना जून 1981 में बना है;